# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्या : 879/05/ई–4/डी0आर0(ए0ई0)/2021–22 दिनांक : 07 फरवरी, 2024

## विस्तृत विज्ञप्ति

## 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021'

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि 'उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियंत्रण सेवा परीक्षा–2021' हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या : A-2/E-4/A.E./2021-22 दिनांक 01 सितम्बर, 2021 के सापेक्ष आयोजित लिखित प्रकृति (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा का परिणाम विज्ञप्ति संख्या : 190/16/AE-21/G-2/2023-24 दिनांक 26 अक्टूबर 2023 द्वारा घोषित किया गया है। उक्त परीक्षा में ऐसे अभ्यर्थी जो **सहायक अभियन्ता, यान्त्रिक (सिंचाई विभाग), सहायक विद्युत निरीक्षक (ऊर्जा विभाग), सहायक अभियन्ता, विद्युत/यान्त्रिक (ग्रामीण निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग), सहायक अभियन्ता, कृषि (लघु सिंचाई विभाग)** के सापेक्ष साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से सफल घोषित किए गये हैं, का साक्षात्कार **दिनांक 29 फरवरी, 2024 एवं दिनांक 01 मार्च, 2024 को 02 सत्रों में उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** में निर्धारित है।

2. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष साक्षात्कार हेतु औपबन्धिक रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक 07 से 09 नवम्बर, 2023 तक परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में सम्पन्न कराया गया है। अभिलेख सत्यापन में उपस्थित होकर निर्धारित समयान्तर्गत अभिलेख सत्यापन न कराने वाले अभ्यर्थियों का अभ्यर्थन मा0 आयोग द्वारा निरस्त कर दिया गया है। अभ्यर्थन निरस्त सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है।

3. प्रश्नगत परीक्षा के सापेक्ष साक्षात्कार हेतु सफल घोषित अभ्यर्थियों में से विद्युत अभियंत्रण से उपाधि धारित न करने वाले अभ्यर्थी को मा0 आयोग द्वारा साक्षात्कार हेतु अनर्ह घोषित किया गया है। अनर्ह सूची आयोग की वेबसाइट पर प्रसारित की गयी है। अनर्ह सूची के सापेक्ष अंतिम तिथि 14 फरवरी, 2024 तक साक्ष्य सहित प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने वाले अभ्यर्थियों को यदि मा0 आयोग द्वारा अर्ह घोषित किया जाता है, तो ऐसे अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित किया जाएगा, जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को उनकी रजिस्टर्ड ईमेल/मोबाइल तथा आयोग की वेबसाइट के माध्यम से प्रदान की जायेगी। अभ्यर्थियों को पृथक से डाक द्वारा साक्षात्कार संबंधी सूचना प्रेषित नहीं की जायेगी।

4. साक्षात्कार हेतु अर्ह **अभ्यर्थी अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम, साक्षात्कार ज्ञाप, चेक लिस्ट, नाम में भिन्नता संबंधी स्वघोषणा, समेकित ऑनलाइन आवेदन पत्र (Consolidated Online Application Form) जिसमें पदों की वरीयता अंकित हों एवं अन्य प्रपत्र** आयोग की वेबसाइट से दिनांक 14.02.2024 से डाउनलोड करें तथा साक्षात्कार ज्ञाप में वर्णित निर्देशानुसार समस्त प्रपत्रों को भरकर अनिवार्य शैक्षिक अर्हता एवं आरक्षण आदि से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करते हुए, निर्धारित तिथि को साक्षात्कार कार्यक्रम में उल्लिखित समयानुसार मूल अभिलेखों के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**-SD-**

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।